उत्तर रेलवे

230–विद्युत लोको परिचालन/दिल्ली/तकनीकी–24/2023
दिनांक :–07/07/2023

मण्डल कार्यालय
नई दिल्ली

## तकनीकी ड्राईव–DLI/RSO-04/2023

**विषय :– विद्युत लोको की ब्रेक पावर की जाँच करने के संबंध में।**

संरक्षा की दृष्टि से सभी लोको पायलट/लोको पायलट शंटिंग को निर्देश दिये जाते है कि विद्युत लोको का चार्ज लेते समय लोको की ब्रेक पावर अवश्य टेस्ट करें तथा कमजोर ब्रेक पावर मिलने पर लोको कार्य न करें। लोको ब्रेक पावर टेस्ट करने का तरीका निम्नलिखित है :–

| कन्वैंशनल लोको में ब्रेक पावर टेस्ट करने का तरीका | 3 फेस लोको में लोको ब्रेक पावर टेस्ट करने का तरीका | WAG-12 लोको में लोको ब्रेक पावर टेस्ट करने का तरीका |
|---|---|---|
| 1. SA-9 को एप्लीकेशन पोजीशन पर रखें तथा बी.सी. गेज में 3.0 kg/cm$^2$ प्रेशर देखिये।<br>2. नीचे उतरकर बोगी कटआउट कॉक का खुला होना तथा ब्रेक ब्लाकों का चक्के से जकड़ा होना देखिये।<br>3. A-9 को रिलीज पर करें।<br>4. MPJ को F या R पर रखकर BLVMT बंद करके नॉच लीजिए।<br>5. 600 एम्पियर तक लोको मूव नहीं होना चाहिये।<br>6. 800 एम्पियर पर लोको स्मूथली मूव करना चाहिये।<br>7. MP को '0' पर करें तथा SA-9 को रिलीज पर रखें और बी.सी. गेज की सुईयों को '0' पर आने की तसल्ली करके नीचे उतरकर ब्रेक ब्लॉक के चक्कों को छोड़ने की तसल्ली करें। | 1. SA-9 को एप्लीकेशन पोजीशन पर रखें तथा बी.सी. गेज में प्रेशर 3.5 kg/cm$^2$ WAG-9/WAP-7 लोको में एवं 5.0 kg/cm$^2$ WAP-5 लोको में होना सुनिश्चित करें।<br>2. बोगी कटआउट कॉक का खुला होना तथा ब्रेक ब्लाकों का चक्के से जकड़ा होना देखिये।<br>3. A-9 व पार्किंग ब्रेक रिलीज करें।<br>4. MPJ को फॉरवर्ड में रखें।<br>5. डिस्पले स्क्रीन पर सेमुलेशन मोड रखे तथा थ्रोटल को TE की ओर ले जाये।<br>6. WAG-9/WAP-7 में 150 KN तथा WAP-5 में 100 KN तक लोको मूव नहीं होना चाहिये।<br>7. थ्रोटल को '0' पर करें तथा SA-9 को रिलीज पर रखें और बी.सी. गेज की सुईयों को '0' पर आने की तसल्ली करके नीचे उतरकर ब्रेक ब्लॉक के चक्कों को छोड़ने की तसल्ली करें। | 1. डाइरेक्ट ब्रेक हैण्डिल (SA-9) को एप्लाई पोजीशन पर रखें।<br>2. बी.सी. गेज व DDU पर 3.8 kg/cm$^2$ प्रेशर देखें।<br>3. 157 KN देने पर लोको मूव नहीं करना चाहिये (157 KN को DDU पर देखें)।<br>4. डाइरेक्ट ब्रेक हैण्डिल (SA-9) को रिलीज पर रखें।<br>5. बी.सी. गेज व DDU पर '0' kg/cm$^2$ प्रेशर होना देखें। |

अतः समस्त मुख्य लोको निरीक्षक अपने मनोनीत स्टॉफ को उपरोक्त संबंध में कड़ाई से काउंसलिंग करें व एम्बुश चैक करें। अपनी रिपोर्ट निम्नलिखित फॉर्मेट में दिनांक–07.08.2023 तक मण्डल कार्यालय में दें।

| काउन्सल किये गये स्टाफ की संख्या | | | एम्बुश चैक किये गये लोको की संख्या | |
|---|---|---|---|---|
| LP | ALP | LPS | खराब ब्रेक पावर | सही ब्रेक पावर |
| | | | | |

वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता/परिचालन
उत्तर रेलवे, नई दिल्ली

प्रतिलिपि :–

1. मुख्य विद्युत लोको अभियंता/उत्तर रेलवे, बड़ौदा हाऊस, नई दिल्ली – सूचनार्थ।
2. समस्त मुख्य लोको निरीक्षक–गाजियाबाद, दिल्ली, नई दिल्ली, आनन्द विहार, पानीपत, जींद, जाखल, रोहतक, निजामुद्दीन, पलवल, मेरठ, शकूरबस्ती एवं तुगलकाबाद–आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. समस्त लोको लॉबी नोटिस बोर्ड– सूचनार्थ।
4. वेसिक प्रशिक्षण केन्द्र/तुगलकाबाद–आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. विद्युत प्रशिक्षण केन्द्र/चिपियाना/गाजियाबाद/उत्तर रेलवे–आवश्यक कार्यवाही हेतु।